मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग, देहरादून

मा0 शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड

अपील

उत्तराखण्ड राज्य में दिनांक 16–17 जून, 2013 को घटित दैवीय आपदा के कारण प्रभावित जनपदों में विद्यालय भवनों को भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित विद्यालय पूर्ण अथवा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का अध्यापन कार्य बाधित हुआ है। शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाये जाने हेतु विद्यालयों का पुनर्निमाण/जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है। यह कार्य बिना जन सहयोग के किया जाना सम्भव नहीं है। अनेक संस्थाओं/व्यक्तियों द्वारा विद्यालयों के पुनर्निमाण/जीर्णोद्धार एवं प्रभावित परिवार के छात्र/छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग प्रदान करने हेतु शासन से सम्पर्क भी किया जा रहा है।

अवगत कराना है कि राज्य में जन सहयोग के माध्यम से शिक्षा के समग्र विकास हेतु विद्यालयों में अवस्थापना, सुविधाओं का निर्माण, सुदृढ़ीकरण तथा गरीब एवं मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से **''उत्तराखण्ड जन सहयोग शिक्षा कोष योजना–2013''** स्थापित की गयी है। कोष हेतु धनराशि की स्थापना केन्द्र/राज्य सरकार, सरकारी/अर्द्धसरकारी निकायों से प्राप्त अभिदान, अनुदान, उद्योगों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों , ट्रस्टों , स्वैच्छिक समूहों तथा गैर सरकारी संस्थाओं से प्राप्त सहयोग, व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत चन्दा आदि से की जायेगी।

शिक्षा कोष योजना के क्रियान्वयन, कोष को संचालित करने तथा उसके अनुश्रवण, नियमन एवं आय–व्यय के सम्बन्ध में निर्णय हेतु एक शासी निकाय का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष मा0 मंत्री विद्यालयी शिक्षा हैं। दानदाताओं को आयकर छूट दिये जाने के संम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

इच्छुक दानदाताओं से अनुरोध है कि सहयोग राशि **''उत्तराखण्ड जन सहयोग शिक्षा कोष''** में रेखांकित चैक/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अथवा योजना के बैंक खाता संख्या 4422000101078474 आई0एफ0एस0सी0 कोड न0– PUNB0442200 पंजाब नेशनल बैंक, विधानसभा मार्ग, देहरादून, उत्तराखण्ड में जमा कर शिक्षा के विकास एवं सुदृढ़ीकरण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। दानदाताओं के नाम उनकी इच्छानुसार मुद्रित/अंकित किये जायेंगे। (किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु श्रीमती राधिका झा, आई.ए.एस. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड से सम्पर्क किया जा सकता है। फोन नम्बर–0135–2780483 ई.–मेल dgeduuk@gmail.com)

सहयोगाकांक्षी :–

राधिका झा आई.ए.एस.
सदस्य सचिव
महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड

एस. राजू आई.ए.एस.
उपाध्यक्ष
प्रमुख सचिव
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड